| 7 | श्री गोविन्द यादव अध्यक्ष माँ इन्द्रा विहार विकास समिति, रामनाथपुरी II गोपालपुरा कालवाड रोड जयपुर। | समस्त कॉलोनवासी माँ इन्द्र विहार एवं बाल विहार गोकुलपुरा कालवाड रोड, जयपुर ने निवेदन किया है कि प्लाट नं. 48 माँ इन्द्र विहार 3 गोकुलपुरा, कालवाड रोड़, जयपुर में मकान मालिक श्री विक्रम सिंह (मो. नं. 6377559059) द्वारा अपने मकान की छत पर मोबाइल टावर लगवाया है। उक्त कॉलोनी पूर्णत बसी हुई है तथा कॉलोनी के अधिकांश मकानो में परिवार निवास कर रहें है। कॉलोनी वासियों द्वारा श्री विक्रम सिंह से मोबाइल टावर हटवाने का निवेदन किया गया था कॉलोनी वासियों द्वारा श्री विक्रम सिंह को टावर हटवाने हेतु व्यक्तिगत अवगत करवाया गया है। परन्तु मकान मालिक द्वारा टावर नहीं हटवाया गया है। श्री विक्रम सिंह मकान में स्वयं निवास नहीं कर रहे हैं तथा मकान पर ताला लगा हुआ है मोबाइल टावर से निकलने वाला रेडियेशन सभी कॉलोनी वासियों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है तथा कैंसर सहित अन्य कई बीमारियों का कारण बन रहा है इस प्रकार श्री विक्रम सिंह केवल अपने वित्तीय लाभ के लिए सभी कॉलोनी वासियों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहें है। अतः कॉलोनी वासियो के स्वास्थ्य को मध्यनजर रखते हुए आपसे निवेदन है उक्त मकान से मोबाइल टावर हटवाने का श्रम करावें। | प्रकरण में नगर निगम ग्रेटर से द्वारा प्रेषित जवाब के उपरान्त समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि नगर निगम ग्रेटर प्रकरण की वर्तमान वस्तुस्थिति की रिपोर्ट अतिशीघ्र भिजवाना सुनिश्चित करें। |
| 8 | समस्त क्षेत्रवासी चौमू | समस्त क्षेत्रवासी ने निवेदन किया है कि हमारे क्षेत्र नीमड़ी सामोद रोड ग्राम हाथनोदा, तहसील चौमू में एक बड़ा नेटवर्क टावर बनाया जा रहा है जो कि सभी नीमड़ी क्षेत्रवासियों, बुजुर्गों, युवाओं, बच्चों व विद्यालय | प्रकरण में उपखण्ड अधिकारी चौमू ने अपने पत्रांक 455 दिनांक 23.04.2024 से अवगत |

RajKaj Ref
6844729

Signature valid

Digitally signed by Shefali Kushwaha
Designation : Additional Collector And Additional District Magistrate
Date: 2024.05.01 13:48:36 IST
Reason: Approved

W:\DigiGOV\Rajasthan\FileSystemDMSStore\DigiGOV\Intranet\PDF\6844729_70786...256919.docx



(20)

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | ग्रीन गार्डन स्कूल के विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के लिये हानिकारक होगा। जिसे बनाने का सभी ग्रामवासी विरोध कर रहे हैं। उक्त क्षेत्र में एक टावर पहले से लगा हुआ है, क्षेत्र की नेटवर्क समस्या को दूर कर रहा है अतः अब दूसरा टावर लगाना अनुचित है क्योंकि जितने अधिक टावर होंगे उनसे उतना ही अधिक रेडिएशन उत्पन्न होगा, रेडिएशन से बुजुर्गो, युवाओं व बच्चों को स्वास्थ्य समस्या जैसे अनिद्रा, थकान, समय से पहले वृद्ध दिखना, पढ़ाई से दूरी, आँखों में जलन इत्यादि। (क्षेत्र के बुजुर्ग लोग पहले ही अनिद्रा, थकान, अस्थमा व अनेक स्वास्थ्य समस्याओं की शिकायत करते हैं जिनका इलाज करवाना पड़ता है, जो कि टावर के लगने से पहले नहीं थी) विद्यालय भवन के पीछे वर्ष 2020 (लॉकडाउन के समय में भी एक अवैध टावर लगाया गया था, उस टावर तीव्र शोर करता है, टावर के अन्य उपकरण व कर्मचारी भी शोर करते हैं, रोकने-टोकने पर अभद्र शब्दों का प्रयोग करते हैं। जिस भूमि पर यह टावर बनाया जा रहा है उसका खसरा नंबर 1875/2 कृषि भूमि है यह भूमि ग्राम पंचायत हाथनोदा के अंतर्गत आती है। भूमि मालिक स्व. श्री हनुमान सहाय पुत्र नाथू है जिनका देहांत हो चुका है। टावर के निर्माण के लिये किसी भी सक्षम अधिकारी, विभाग, ग्राम पंचायत से कोई भी N.O.C नहीं ली गईपटवारी महोदय के मांगने पर टावर निर्माण ठेकेदार ने प्रस्तुत नहीं किया/ N.O.C नहीं ली गई | कराया है कि ग्राम हाथनोदा के खसरा नम्बर 1875/2 रकबा 0.31 है० भूमि खातेदार हनुमान सहाय पुत्र नाथू जाति माली के नाम राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है। उक्त भूमि पर इन्डस कम्पनी द्वारा लीज पर लिया जाकर एयरटेल कम्पनी का टॉवर वर्तमान में चालू है तथा 03 मीटर की दूरी पर एक टॉवर जियो रिलायन्स कम्पनी का चालू है। पटवारी हल्का, हाथनोदा द्वारा मौके पर उपस्थित टॉवर की देखभाल करने वाले व्यक्ति (मोबाईल नम्बर 9828034760) से पूछताछ में अनापत्ति प्रमाण पत्र लिया जाना बताया गया है। अनापत्ति प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं करवाया गया है। शिकायतकर्ता आकाश सैनी द्वारा राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर परिवाद क्रमांक 032333414980329 के क्रम में अपनी शिकायत को विड्रा किया जा चुका है।<br>अतः उपखण्ड अधिकारी चौमू जिला जयपुर से प्राप्त जवाब के आधार पर समिति द्वारा उक्त प्रकरण को ड्रॉप किये जाने का निर्णय लिया गया। |
| 9 | जय बाबा रामदेव विकास समिति | जय बाबा रामदेव विकास समिति ने निवेदन है कि रैगरों का मोहल्ला, वार्ड नं. 12, जयसिंह पुरा खोर, जयपुर में एक मकान की छत पर इण्डस टावर कम्पनी के द्वारा टॉवर लगाया जा रहा है, जो कि सर्वथा अनुचित तरीके से लगाया जा रहा है जिस मकान पर टावर लगाया जा | प्रकरण में उपायुक्त राजस्व (प्रथम) नगर निगम हैरिटेज ने अपने पत्रांक 2747 दिनांक 30.01.2024 से अवगत कराया है कि मौके पर G+3 भवन निर्मित हैं तथा वर्तमान में |


RajKaj Ref 6844729

Signature valid
Digitally signed by Shefali Kushwaha
Designation :Additional Collector And Additional District Magistrate
Date: 2024-05-01 18:48:36 IST
Reason: Approved

W:\DigiGOV\Rajasthan\FileSystemDMSStore\DigiGOV\Intranet\PDF\6844729_70386_1717_56019.docx

# कार्यालय जिला कलेक्टर एवम् जिला मजिस्ट्रेट, जयपुर

www.jaipur.rajasthan.gov.in


| | | | |
|---|---|---|---|
| | | रहा है, वह मकान टॉवर और उसके उपकरणों का वजन सहने में सक्षम नही है। मकान की नीव से लेकर छत तक पूरा ढांचा ही कमजोर है। टॉवर का वजन बढ़ने से मकान की दीवारों मे दरारे भी आ गयी है। उक्त मकान के आस-पास बहुत से घर बने हुये है जहाँ कई परिवार रहते है। टावर गिरने की स्थिति में कई लोगो को चोट पहुंचने का खतरा है तथा जान-माल का भारी नुकसान होने की आशंका है। अतः मामले की गंभीरता को देखते हुये उक्त टावर की स्थापना को रदद कर आमजन को राहत प्रदान करने की कृपा करें। | उक्त भवन पर RTP टॉवर स्थापित / संचालित हैं संबंधित कम्पनी द्वारा आवेदित दस्तावेजों में अवगत करवाया गया कि उक्त भवन RCC COLUMNS पर निर्मित है परन्तु उक्त भवन BRICKS COLUMNS पर निर्मित हैं। और मोबाईल टॉवर को RCC SLAB के साथ उचित तरीके से नहीं जोडा गया है। उक्त भवन Structural Stability की दृष्टि से RTP टॉवर के लिए उपर्युक्त नहीं है। अतः उक्त RTP टॉवर की अनुमति / अनापत्ति प्रमाण पत्र को निरस्त किया जाना उचित होगा।<br>अतः नगर निगम हैरिटेज से प्राप्त जांच के आधार पर समिति द्वारा प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार की जाकर प्रकरण का ड्रॉप किया जाता है। |

Signature valid

Digitally signed by Shefali Kushwaha
Designation :Additional Collector And Additional District Magistrate
Date: 2024.05.01 16:18:36 IST
Reason: Approved



☎ 0141-2209001(O) 0141-2209000(Fax) Email:- dm-jaip-rj@nic.in

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10 | आम जनता फागी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र। | आम जनता फागी ने निवेदन है कि चाके ग्राम डिग्गी रोड बैरवा वस्ती, माताजी मन्दिर के पिछे 10 साल से बन्द पडा मोबाईल टॉवर जो वर्तमान में जीण शीण अवस्था में तथा सबसे लम्बा टॉवर है तथा हवा में हिलता डूलता है कभी भी उक्त टॉवर गिर सकता है। जिससे जन हानि हो सकती है। उपरोक्त टॉवर घनी आबादी के बीचों बीच है चारों तरफ कॉलोनिया बनी हुई है जिससे कभी भी यदि टॉवर गिरता है या उसका कोई उपकरण गिरता है तो भारी जन हानि होने की आशंका है कई बार रिलाईन्स कम्पनी के अधिकारियों को अवगत करवाया जा चूका है इसके पश्चात भी कम्पनी के अधिकारियों द्वारा न तो आश्वासन दिया जाता है और ना ही उक्त टावर हटाने की कार्यवाही की जा रही है। अतः प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन है कि उक्त टावर को हटवाने बावत जल्द से जल्द कम्पनी के कर्मचारियों को निर्देशित करने की कृपा करे ताकि भविष्य में होने वाली जन हानि से बचा जा सकें। | प्रकरण में उपखण्ड अधिकारी फागी जिला जयपुर से रिपोर्ट अप्राप्त। अतः समिति द्वारा प्रकरण को पुनः विचाराधीन रखते हुये निर्णय लिया गया कि उपखण्ड अधिकारी फागी प्रकरण में व्यक्तिशः से ध्यान देकर वांछित अतिशीघ्र भिजवाना सुनिश्चित करें। |
| 11 | **Tower Vision India Private Limited** | अर्जुन दास पुत्र भोजराज प्लाट नं. 116 ए, शिव शक्ति नगर ए, बालरामपुरा उर्फ खेजरो का वास, सांगानेर जयपुर पर मोबाइल टॉवर स्थापित किया गया था, Tower Vision India Private Limited का कथन हैं कि उक्त टॉवर का भुगतान शुल्क आनलाइन पोर्टल पर समय पर नहीं होने के कारण उपायुक्त मानसरोवन जोन नगर निगम ग्रेटर के पत्रांक 1201 दिनांक 21.09.2023 से सीज कर दिया गया है। Tower Vision India Private Limited द्वारा उक्त टॉवर को de-seal करने हेतु निवेदन किया गया है। | प्रकरण में मैसर्स टॉवर विजन इण्डिया प्रा.लि. ने अपने प्रतिवेदन पत्र में बताया है कि दिनांक 24.05.2022 को आवेदन शुल्क रू. 10000 जमा कर नियमानुसार टॉवर की स्थापना की गई। उपायुक्त मानसरोवन जोन नगर निगम ग्रेटर ने दिनांक 21.09.2023 को मोबाईल टॉवर शुल्क राशि जमा नहीं कराये जाने एवं राजस्व हानि के कारण इसे सीज कर दिया गया। उक्त मोबाईल टॉवर से संबंधित शुल्क ऑनलाईन जमा कराने का कोई विकल्प न होने कारण कारण शुल्क राशि को जमा नहीं कराया जा सका। उक्त शुल्क राशि को जमा |

Signature valid

Digitally signed by Shefali Kushwaha
Designation : Additional Collector And Additional District Magistrate
Date: 2024.05.01 18:48:36 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref 684172

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | कर मोबाईल टॉवर स्थापन को डी–सील करने बाबत निवेदन किया गया है। इस पर समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि नगर निगम ग्रेटर आगामी बैठक से पूर्व यह अवगत करावे कि मैसर्स टॉवर विजन इण्डिया प्रा.लि. से उपरोक्त शुल्क राशि को जमा करने बाबत क्या प्रावधान है। |
| 12 | JIO infocomm ltd. | जेडीए द्वारा हर्षित मेरीज गार्डन के पास, प्रेम नगर 2, गुर्जर की थडी जयपुर में टावर लगाने की अनुमति जारी की गई थी। जीओ इनफोकोम द्वारा टावर अनुमति जारी स्थान पर न लगाया जाकर प्रार्थी श्री कैलाश नारायण शर्मा के भूखण्ड संख्या 82 प्रेम नगर द्वितीय में लगाया गया हैं। जेडीए द्वारा अपने नोटिस नं जेडीए/82/ई05 दिनांक 26.07.2023 से उक्त टावर को अवैध लगाया जाना बताया हैं। JIO infocomm ltd द्वारा उक्त नोटिस पर की जा रही कार्यवाही को ड्रोप करने हेतु निवेदन किया गया हैं। | प्रकरण में उपायुक्त जोन–5 जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर ने अपने पत्रांक डी–628 दिनांक 23.04.2024 से अवगत कराया है कि दिनांक 25.01.2024 को मैसर्स रिलाईन्स जियो इन्फोकॉम लिमिटेड को जविप्रा कार्यालय में उपस्थित होकर टॉवर के सबंध में चाही गई कार्यवाही से अवगत कराने हेतु पत्र जारी किया गया। चर्चा अनुसार दिनाक 06.02.2024 को जविप्रा अधिकारी एवं रिलाईन्स जियो इन्फोकॉम लिमिटेड के कर्मचारी तथा शिकायतकर्ता के साथ संयुक्त रूप से मौका देखा गया। रिलाईन्स जियो इन्फोकॉम लिमिटेड को जविप्रा द्वारा (26.87149, 75.76553) कोडिनेट जारी किये गये थे इसके स्थान पर रिलाईन्स जियो इन्फोकॉम लिमिटेड द्वारा शिकायतकर्ता के भूखण्ड सख्या 82 (गैर अनुमोदित) के अन्दर टॉवर की फाउण्डेशन का निर्माण किया गया। शिकायतकर्ता के विरोध के पश्चात् |

Signature valid
Digitally signed by Shefali Kushwaha
Designation : Additional Collector And Additional District Magistrate
Date: 2024-05-01 18:48:36 IST
Reason: Approved

Rajkaj Ref 6844729

W:\DigiGOV\Rajasthan\FileSystemDMSStore\DigiGOV\Intranet\PDF\6844729_70786...56919.docx



25

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | रिलाईन्स जियो इन्फोकॉम लिमिटेड द्वारा निर्मित फाउण्डेशन को तोडकर हटाया गया तथा भूखण्ड (गैर अनुमोदित) के बाहर रोड के कॉर्नर पर (26.871458, 75.765608) कोडिनेट पर टॉवर निर्माण किया गया तथा पूर्ण किया गया। रिलाईन्स जियो इन्फोकॉम लिमिटेड के अधिकारियों एवं जविप्रा द्वारा दिनांक 06.02.2024 को किये गय संयुक्त मौका निरीक्षण में यह तर्क रखा गया कि जविप्रा द्वारा जारी कोडिनेट पूर्व में निर्मित तीन मंजिल बिल्डिग के सामने है तथा लगाया जाना सम्भव नही है। क्योंकि टॉवर के लिये 20–30 फीट खुदाई करने पर बिल्डिग को क्षति हो सकती है एवं जान–माल की हानि होने का अंदेशा है। भूखण्डधारी को भूखण्ड संख्या 82 (गैर अनुमोदित) के संबंध में सहकारी समिति द्वारा 50'*30' का साईट प्लान जारी है। शिकायतकर्ता द्वारा भूखण्ड (गैर अनुमोदित) पर निर्माण कार्य जारी है तथा टॉवर निर्माण कार्य क्षेत्र के बाहर है। शिकायतकर्ता का भूखण्ड (गैर अनुमोदित) है तथा भूखण्ड, टॉवर, ROW अन्य के सबंध में नजरी नक्शा प्रस्तुत है। वर्तमान मे रिलाईन्स जियो इन्फोकॉम लिमिटेड का टॉवर शिकायतकर्ता के भूखण्ड संख्या 82 (गैर अनुमोदित) के |

Signature valid

Digitally signed by Shefali Kushwaha
Designation : Additional Collector And Additional District Magistrate
Date: 2024-05-01 18:48:36 IST
Reason: Approved

W:\DigiGOV\Rajasthan\FileSystemDMSStore\DigiGOV\Intranet\PDF\68...56819.docx

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | अन्दर स्थित नहीं है तथा पूर्व में टॉवर का निर्माण कार्य वर्ष 2016–17 में पूर्ण हो चुका है। अतः जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर से प्राप्त जवाव के आधार पर समिति द्वारा उक्त प्रकरण को ड्रॉप किये जाने का निर्णय लिया गया। |
| 13 | गिरिराज वाटिका I विकास समिति, | अध्यक्ष बाबू लाल खिंची, गिरिराज वाटिका I विकास समिति द्वारा निवेदन किया गया है कि गिरिराज वाटिका I, मंशारामपुरा निवारू रोड झोटवाडा जयपुर पर प्लाट नं. 41 जोकि विरेन्द्र सिंह का है, जो मिलिभगत कर अपने प्लाट पर अवैध रूप से **एयरटेल कम्पनी** का टॉवर लगा रहा है। इस टॉवर को रोककर न्याय देने एवं हमारे स्वास्थ्य की सुरक्षा करायें। | नगर निगम ग्रेटर जयपुर प्रकरण में वर्तमान वस्तुस्थिति की रिपोर्ट आगामी बैठक से पूर्व इस कार्यालय को भिजवाना सुनिश्चित करें। |
| 14 | माननीय पूर्व विधायक अशोक परनामी का अर्द्ध शासकीय पत्रांक स्पे.856 दिनांक 18.12.2023 | आर्दशनगर विधानसभा क्षेत्र में आने वाली ग्राम पंचायत विजयपुरा पंचायत समिति बस्सी के इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी के प्लाट नं. 46 में अवैध मोबाईल टॉवर लगाया गया है। उक्त टॉवर के आसपास में स्कूल व आवासीय क्षेत्र है उक्त टॉवर से निकलने वाली रेडियेशन के कारण स्कूली बच्चों को व जन मानस को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड सकता है। लोगो के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उक्त टॉवर को हटाये जाने की कृपा करें। | सचिव, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर प्रकरण में वर्तमान वस्तुस्थिति की रिपोर्ट आगामी बैठक से पूर्व इस कार्यालय को भिजवाना सुनिश्चित करें। |
| 15 | कार्यालय के पत्रांक 341 दिनांक 14.02.2024 से आयुक्त नगर निगम ग्रेटर जयपुर को पत्र प्रेषित किया गया। | समस्त ग्रामवासी मुख्य सोडाला तेजाजी मार्ग वार्ड नं. 47, जयपुर ने निवेदन है कि प्लॉट नं. 37, तेजाजी मार्ग, सोडाला, में मोहनलाल सैनी पुत्र स्वर्गीय चौथमल सैनी निवास करता है वह अपने मकान जो कि घनी आबादी वाले क्षेत्र में स्थित है तथा मकान के पास दो निजी स्कुल भी संचालित है। दो प्राचीन मंदिर है जिनमें सुबह शाम करीबन हजारों श्रद्धालु का आना | प्रकरण में उपायुक्त राजस्व (प्रथम), नगर निगम ग्रेटर, ने अपने पत्रांक 35 दिनांक 23.04.2024 से अवगत कराया है कि प्रकरण पूर्व में जिला दूर संचार समिति में दर्ज था। जिसे दिनांक 28.12.2023 को आयोजित बैठक में प्रस्तुत आपत्ति अस्वीकार की जाकर प्रकरण को ड्रॉप किया |

RajKaj Ref
6844729

Signature valid
Digitally signed by Shefali Kushwaha
Designation :Additional Collector And Additional District Magistrate
Date: 2024.05.01 16:48:36 IST
Reason: Approved



26

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | जाना लगा रहता है, उक्त मकान की तीसरी मंजिल पर मोबाइल टॉवर लग रहा है। जिससे ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड रहा है। इस टॉवर से सभी ग्रामवासी में आक्रोश है। इस टॉवर का हटाने का श्रम करें। | गया। नगर निगम ग्रेटर, जयपुर से प्राप्त जवाब के आधार पर एवं प्रकरण में रेडियेशन संबंधित आपत्ति प्रस्तुत की है। जबकि रेडियेशन की रिपोर्ट मोबाईल टॉवर के स्थापित उपरान्त ही प्राप्त होती है। अतः समिति द्वारा प्रस्तुत आपत्ति अस्वीकार की जाकर प्रकरण को ड्रॉप किया जाता है। |
| 16 | कार्यालय के पत्रांक 384 दिनांक 26.02.2024 से आयुक्त नगर निगम हैरिटेज जयपुर को पत्र प्रेषित किया गया। | समस्त कॉलोनीवासीयों ने निवेदन किया है कि मकान नं. 228, जे पी कॉलोनी सेक्टर–3, नियर शिव मंदिर गुड बेकरी वाली गली शास्त्री नगर में मोहम्मद रफीक निवास करता है जो अपने मकान में अवैध तरीके से मोबाईल टावर लगवा रहा है समस्त कॉलोनीवासियों के विरोध करने के बावजूद बलपूर्वक टावर लगा रहा है। कॉलोनी में भीड भाड होने एवं रास्ता 18 फिट से भी कम होने की वजह से आने जाने में दिक्कत आती है रफीक खान के आस पास कॉलोनी में कई बुजुर्ग शुगर, बीपी, कैंसर, जैसी कई गंभीर बिमारियों से ग्रसित लोग रहते है। मोबाईल टावर लगने से नुकसान कारित विकरण और रेडियेशन निकलता है, जिससे और भंयकर बीमारी होने की आशंका है। इस कॉलोनी के आस पास कई स्कूल कई सालो से संचालित है जो उक्त टॉवर से स्कूल की दूरी 40 फीट है जिसमें करीब 600 के आस पास बच्चे पडते है टावर से उनके स्वास्थ्य को भी खतरा हो सकता है। उक्त टावर से कॉलोनीवासियों में भय व्याप्त है और जबकि आस पास में मोबाईल नेटवर्क भी पुरा आ रहा है यदि यह टावर का कार्य नही रूका तो कॉलोनीवासियों में गुस्सा पैदा होने की वजह से कोई भी समप्रदायिक सदभाव भी बिगड सकता है और जान माल को भी खतरा हो सकता है। अतः आपसे अनुरोध है कि आप उचित प्रक्रिया को अपनाते | प्रकरण में नगर निगम हैरिटेज द्वारा प्रेषित जवाब उपरान्त समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि नगर निगम हैरिटेज मोबाईल टॉवर स्थापित स्थल के संबंध में वस्तु स्थिति की रिपोर्ट आगामी बैठक से पूर्व भिजवाना सुनिश्चित करें। |

RajKaj Ref
6844729

Signature valid

Digitally signed by Shefali Kushwaha
Designation : Additional Collector And Additional District Magistrate
Date: 2024.05.01 18:48:36 IST
Reason: Approved

# कार्यालय जिला कलेक्टर एवम् जिला मजिस्ट्रेट, जयपुर

www.jaipur.rajasthan.gov.in

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | हुए अतिशीघ्र मोबाईल टावर का कार्य रूकवाकर कॉलोनीवासियों की समस्या का निस्तारण करें तथा हमें न्याय दिलवाने की कृपा करें। | |
| 17 | कार्यालय के पत्रांक 419 दिनांक 11.03.2024 से आयुक्त नगर निगम हैरिटेज जयपुर को पत्र प्रेषित किया गया। | डी.पी. चिरानिया संरक्षक व अन्य, मोहला सुरक्षा समिति 250 जवाहरनगर, जयपुर ने निवेदन किया है कि कि नगर निगम हेरिटेज ने ID सँख्या NNJAI/2023–24/TIF1/535 दिनांक 21–08–2023 (संलग्न–2) द्वारा **इण्डस टावर लिमिटेड** को जो अनुमति जारी करने मे प्रक्रिया अपनाई, उसमे राजस्थान सरकार द्वारा जारी आदेश f-10 (147)UDH/3/2008 Part&III दिनांक 6 Feb 2017 की व DoT नोर्मस की पूर्णरुप से पालना नहीं की है. अतः नगर निगम हेरिटेज द्वारा इण्डस टावर लिमिटेड को संलग्न –2 द्वारा जारी अनुमति निरष्ट करने योग्य है, अतः उसे निरष्ट किया जावे। इण्डस टावर द्वारा जिस प्रकार से गलत स्थान पर, DoT की गाईड लाईन की पूर्णतया अनदेखी करते हुये, सिवरेज लाईन तोड कर, उसके ऊपर, गुप–चुप मे, मध्य रात्री मे टावर लगाने की प्रक्रिया की गई है वह बहुत ही गैर कानुनी है. इस फर्म के खिलाफ उचित दण्डनीय प्रक्रिया चालू की जावे। इण्डस टावर ने नगर निगम द्वारा तोड़ी गई सिवरेज पाईप लाईन को वापिस पूर्व स्थित में दुरस्त करने सम्बान्धित नोटिस के बावजुद भी इण्डस टावर द्वारा सिवरेज लाईन को दुरस्त नहीं करने का संज्ञान लेकर, नगर निगम को इण्डस टावर के विरुद्ध कार्यवाही करने तथा सिवरेज पाईप लाईन को दुरस्त करवाने का आदेश दिया जावे। जिस प्रकार से एक ही क्षेत्र में कई कई मोबाईल टावर लगाने के आवेदन प्राप्त हो रहे है, उनकी अनुमति दी जा रही है, वह बहुत बड़ी विपति को न्योता दे रही है. पहले से लगे मोबाईल टावर से कितना रेडियेशन क्षेत्र में फैल रहा है, उसकी मोनिटरिंग की जो व्यवस्था है उसे सार्वजनिक की जानी चाहिये, सुरक्षित रेडियेशन | प्रकरण में उपायुक्त राजस्व (प्रथम) नगर निगम हैरिटेज ने अपने पत्रांक 2961 दिनांक 07.03.2024 से अवगत कराया है कि कनिष्ठ अभियंता की मौका रिपोर्ट अनुसार इण्डस टॉवर लिमिटेड कम्पनी द्वारा ऑन रोड़ साईट लैण्ड, नीयर खड्डा पार्क, जवाहर नगर जयपुर में मोबाईल टॉवर स्थापित करते समय सीवर लाईन को क्षतिग्रस्त कर दी गई थी। जिसके संबंध में संबंधित कम्पनी को सीवर लाईन की मरम्मत हेतु कार्यालय पत्रांक 2846, दिनांक 14.02.2024 प्रेषित किया गया। मोबाईल टॉवर के पास निर्मित भवन की ऊचाई लगभग 08–10 मीटर हैं तथा मोबाईल टॉवर और भवन की बीच की दूरी लगभग 04 मीटर हैं। तथा मोबाईल टॉवर (GBM) की ऊचाई लगभग 30 मीटर होती हैं। मोहला सुरक्षा समिति 250 जवाहर नगर, जयपुर के पत्र के बिन्दु संख्या 12 में मोबाईल टॉवर और भवन के बीच की दूरी हेतु शिकायत की गयी हैं परन्तु DOT की गाईडलाईन अनुसार मोबाईल टॉवर और बिल्डिंग के बीच की दूरी मोबाईल टॉवर में लगे एन्टिना की संख्या और बिल्डिंग की ऊचाई एन्टिना के समान ऊंचाई के बारे मे बताया गया हैं। इण्डस टॉवर्स कम्पनी द्वारा कार्यालय को पत्र प्रस्तुत कर |

Signature valid

Digitally signed by Shefali Kushwaha
Designation :Additional Collector And Additional District Magistrate
Date: 2024.05.01 13:48:36 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref 6344729



☎ 0141-2209001(O) 0141-2209000(Fax) Email:- dm-jaip-rj@nic.in

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | लेवल कितना है, वास्तविक रेडियेशन कितना है, अगर वास्तविक रेडियेशन अधिक है तब उसे नियन्त्रित करने की क्या व्यवस्था है, उस व्यवस्था का किस प्रकार से पालन किया जा रहा है, यह सभी तथ्य सार्वजनिक होने चाहिये, मोबाईल टावर पर रेडियेशन की जानकारी बताने वाले उपकरण लगे होने चाहिये, नगर निगम के पास रेडियेशन सम्बन्धित विषय–विशेषज्ञ का होना चाहिये। | अवगत करवाया गया कि सीवर लाईन की मरम्मत कर दी गई है।<br>नगर निगम हैरिटेज, जयपुर से प्राप्त जवाब के आधार पर पत्र प्रकरण में रेडियेशन संबंधित आपत्ति प्रस्तुत की है। जबकि रेडियेशन की रिपोर्ट मोबाईल टॉवर के स्थापित उपरान्त ही प्राप्त होती है। अतः समिति द्वारा प्रकरण को ड्रॉप किया जाता है। |
| 18 | कार्यालय के पत्रांक 439 दिनांक 13.03.2024 से आयुक्त नगर निगम ग्रेटर जयपुर को पत्र प्रेषित। | शंकर विहार गणेश नगर विकास समिति ने निवेदन किया है कि हमारी कॉलोनी शंकर विहार–ए मे बने हुए मकान No- 22 मकान मालिक निशा मलहोत्रा के द्वारा अपने मकान कि छत पर **ऐयरटेल कम्पनी** का टावर लगवाया जा रहा है हम सभी समिति एवं कॉलोनी वासी आपसे अनुरोध करते है कि इस टावर के पास स्कूल व पूरी कालोनी बसी हुई है जहाँ पर स्कूल के छोटे–छोटे बच्चे पढ़ने आते हैं। इस टावर से बच्चों और कालोनी वासियों को स्वास्थ का नुकसान होने का खतरा है। अतः आपसे अनुरोध करते है कि इस टावर को जल्द से जल्द रुकवाने की कृपा करें। | प्रकरण में समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि आयुक्त, नगर निगम ग्रेटर, जयपुर वर्तमानं वस्तुस्थिति की रिपोर्ट आगामी बैठक से पूर्व इस कार्यालय को भिजवाना सुनिश्चित करें। |
| 19 | कार्यालय के पत्रांक 552 दिनांक 09.04.2024 से आयुक्त नगर निगम ग्रेटर जयपुर को पत्र प्रेषित। | ग्रीन पार्क बी विकास समिति, नांगल जैसा बोहरा झोटवाडा, ने निवेदन किया है कि हमारी ग्रीनपार्क बी नांगल जैसा बोहरा के पास स्थित कॉलोनी दुर्गा विहार नांगल जैसा बोहरा जयपुर में स्थित 'प्लाट नं. ए–7–बी पर पिछले दो–तीन दिन से रात्रि के समय में मोबाईल टॉवर लगाने का कार्य चल रहा है। हम कॉलोनी वालों ने विरोध किया तो हमारे विरोध को दरकिनार कर मोबाईल टॉवर स्थापित करने का कार्य किया जा रहा है। उक्त मोबाईल टॉवर को लगाने से कॉलोनीवासियों एवं आस पास मे स्थित स्कूलों के छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा तथा लोगो के स्वास्थ्य के साथ–साथ जनधन | प्रकरण में समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि आयुक्त, नगर निगम ग्रेटर, जयपुर वर्तमान वस्तुस्थिति की रिपोर्ट मय टिप्पणी आगामी बैठक से पूर्व इस कार्यालय को भिजवाना सुनिश्चित करें। |


Signature valid

Digitally signed by Shefali Kushwaha
Designation: Additional Collector And Additional District Magistrate
Date: 2024.05.01 15:48:36 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref
6844729




29

9. क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी, जयपुर।
10. समस्त उपखण्ड अधिकारी जिला जयपुर को भेजकर लेख है कि अपने उपखण्ड क्षेत्र में संचालित मोबाईल टॉवर की सूची तैयार करते हुये जिन मोबाईल टॉवर नियमानुसार शुल्क बकाया है। संबंधित टेलीकॉम प्राधिकृत अधिकारी से समन्वय कर आगामी 15 दिवस में शुल्क जमा करवाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।
11. उपखण्ड अधिकारी चौमू एवं फागी।
12. प्राधिकृत अधिकारी मैसर्स रिलायन्स जिओ इन्फोकॉम लि0 फस्ट फ्लोर आनन्द भवन, संसार चन्द्र रोड, जयपुर।
13. प्राधिकृत अधिकारी मैसर्स इण्डस टावर लि0, जी–बिजनैस पार्क तृतीय मंजिल, सुभाष मार्ग, सी–स्कीम जयपुर–302001
14. प्राधिकृत अधिकारी मैसर्स भारती हैक्साकॉन प्रा0 लि0 जयपुर।
15. प्राधिकृत अधिकारी मैसर्स Dy Infra&Project&Pvt.Ltd. F-2.B-4/198. Opp Chitrkoot Stadium. Jaipur.
16. प्राधिकृत अधिकारी मैसर्स एटीसी टेलिकॉम इन्फ्रास्ट्रेक्चर प्रा.लि. द्वितीय तल, पूजा टॉवर, गोपालपुरा बाईपास के पास, टॉक रोड जयपुर–302018
17. प्राधिकृत अधिकारी मैसर्स Ascend Telecom Infrastructure Pvt. Ltd. Jaipur
18. प्राधिकृत अधिकारी मैसर्स M/S Tower Vision India Private Limited.407, 4th Floor, Jagdama Towers, Plot no E-3, Amrapali Circle ,Vaishali Nagar, Jaipur

RajKaj Ref
6844729

Signature valid

Digitally signed by Shefali Kushwaha
Designation : Additional Collector And Additional District Magistrate
Date: 2024.05.01 18:48:36 IST
Reason: Approved



☎ 0141-2209001(O) 0141-2209000(Fax) Email:- dm-jaip-rj@nic.in

# कार्यालय जिला कलेक्टर एवम् जिला मजिस्ट्रेट, जयपुर

www.jaipur.rajasthan.gov.in

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | आदि को भयंकर खतरा उत्पन्न हो जायेगा। अतः श्रीमान से निवेदन है कि शीघ्र ही हमारे प्रार्थना पत्र पर आवश्यक कार्यवाही कर उक्त मोबाईल टावर का कार्य बन्द करवाने एवं इसे हटाये जाने की कृपा करे। | |

श्रीमान् अध्यक्ष महोदय द्वारा संबंधित प्राधिकृत अधिकारी, टेलीकॉम कम्पनी को निर्देशित किया गया कि उपरोक्तानुसार लिये गये निर्णय के संबंध में तत्काल कार्यवाही करने के साथ–साथ लोगो मे मोबाईल टॉवर द्वारा रेडियेशन से होने वाले दुष्प्रभावों संबंधी भ्रान्तियों को दूर किये जाने हेतु अपने स्तर से अधिक से अधिक विज्ञापन के माध्यम व मल्टी मीडिया संसाधनो के माध्यम से प्रचार–प्रसार व जागरूकता अभियान का संचालन किया जाना सुनिश्चित करें। अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त की गई।

सदस्य सचिव,
जिला स्तरीय दूरसंचार समिति एवं
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
शहर उत्तर जयपुर
दिनांक:– 01/05/2024

क्रमांक / श.उ. / डीटीसी बैठक / 2024 / 583 – 600
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ, पालनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:

1. सचिव, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर।
2. उपायुक्त पुलिस जयपुर शहर पश्चिम / पूर्व / दक्षिण / उत्तर।
3. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद् जयपुर।
4. आयुक्त एव प्रशासक, नगर निगम (हेरिटेज एवं ग्रेटर) जयपुर।
5. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम।
6. अधीक्षण अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग जयपुर शहर।
7. अधीक्षण अभियन्ता, ज.वि.वि.नि.लि. जयपुर शहर।
8. प्रबन्धक, भारत संचार निगम लिमिटेड जयपुर।

Signature valid
Digitally signed by Shefali Kushwaha
Designation : Additional Collector And Additional District Magistrate
Date: 2024.05.01 18:48:36 IST
Reason: Approved

W:\DigiGOV\Rajasthan\FileSystemDMSStore\DigiGOV\Intranet\PDF\68...55919.docx



(31)